भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 795

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जेआईपीएमईआर में मल्टी स्पेशियलिटी कंसल्टिंग यूनिट

795. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमईआर) के अंतर्गत माहे में मल्टी स्पेशियलिटी कंसल्टिंग यूनिट स्थापित किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि संघ राज्यक्षेत्र पुडुचेरी के तीन क्षेत्रों अर्थात् पांडिचेरी, कराईकल और यनम में जेआईपीएमईआर परिसर अवस्थित हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जिपमेर) के तहत माहे में मल्टी-स्पेशियलिटी कंसल्टिंग यूनिट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

जिपमेर का मुख्य परिसर पुडुचेरी में है। इसके अतिरिक्त, जिपमेर का कराईकल में एक मेडिकल कॉलेज और यनम में हाल ही में निर्मित मल्टी-स्पेशियलिटी कंसल्टिंग यूनिट मौजूद है।

****